PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 15
Width: 50.88 cms, Height: 28.87 cms, a3r, Ref: 9.2017-08-16.143

प्रधानमंत्री ने 71वें स्वतंत्रता दिवस पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, कहा- कालेधन पर लड़ाई जारी रहेगी

दो लाख करोड़ का कालाधन सामने आया : मोदी

नई दिल्ली | **विशेष संवाददाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पर लालकिले की प्राचीर से भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के फैसले के बाद दो लाख करोड़ रुपये का कालाधन बैंकों में आया और करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये की राशि जांच के घेरे में है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और कालेधन के खिलाफ उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 साल से लटके बेनामी संपत्ति कानून को पारित कराने के बाद करीब 800 करोड़ की बेनामी संपत्ति जब्त हुई है। सरकार के नोटबंदी के कदम से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित संपत्ति बैंकिंग तंत्र में आई है। इस धन को जमा कराने वालों को सवालों का जवाब देना होगा, अन्यथा यह राशि जब्त की जाएगी।

उन्होंने कहा, 56 लाख नए लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल की है। तीन लाख मुखौटा कंपनियां सामने आई हैं, पौने दो लाख मुखौटा कंपनियों का पंजीकरण रद्द किया गया। एक पते पर 400-400 कंपनियां चल रही थीं और पूरी तरह मिलीभगत का खेल हो रहा था, जिसका भंडाफोड़ उनकी सरकार ने किया है। उन्होंने आधार को बैंक खातों और पैन के साथ जोड़ने का भी उल्लेख किया। नोटबंदी के बाद 18 लाख लोगों की आय व व्यय में फर्क पाया गया। करीब साढ़े चार लाख लोग सफाई देने के लिए आगे आए हैं। एक लाख लोग ऐसे मिले हैं जिन्होंने कभी आयकर का नाम नहीं सुना था।

नई दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व स्पीकर सुमित्रा महाजन।

हिंसा स्वीकार नहीं

गोरक्षा पर हुई घटनाओं की ओर इशारा करते हुए पीएम ने स्पष्ट किया कि आस्था के नाम पर हिंसा स्वीकार नहीं होगी। जातिवाद-सांप्रदायिकता को मोदी ने जहर बताया। लोगों से 'चलता है' का रुख को त्यागने व 'बदल सकता है' का रुख को अपनाने का आह्वान किया।

तीन तलाक से दुखद जीवन

मोदी ने मुस्लिम महिलाओं की तीन तलाक के खिलाफ मुहिम का समर्थन करते हुए कहा कि पूरा देश उन्हें यह अधिकार दिलाने के इस प्रयास में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के कारण महिलाओं को दुखद जीवन जीना पड़ रहा है।

नोटबंदी और जीएसटी का असर

56 लाख ने आयकर रिटर्न दाखिल किया इस बार

22 लाख ही थी यह संख्या एक साल पहले

18 लाख लोगों की आय में गड़बड़ी पाई गई

30 फीसदी कमी आई ढुलाई के वक्त में जीएसटी से

50-60 की जगह व्यापारियों को अब 5 फार्म भरने पड़ रहे

34 प्रतिशत बढ़ा डिजिटल भुगतान नोटबंदी के बाद

हम सबको मिलकर एक ऐसा न्यू इंडिया बनाना है, जहां गरीब के पास पक्का घर हो, सभी तक बिजली की पहुंच हो। देश का किसान चिंता मुक्त हो। 2022 तक किसान की आय दोगुनी करनी है। –**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

किसानों की जिंदगी बदलेगी

मोदी ने कहा, सरकार किसानों के लिए बीज से लेकर बाजार तक व्यवस्था विकसित करने में लगी है और इससे करोड़ों किसानों की जिंदगी में एक नया बदलाव आएगा। आपदाओं के बावजूद देश के किसानों ने दाल का रिकॉर्ड उत्पादन किया है।

भारत किसी भी सुरक्षा चुनौती का सामना करने में सक्षम

चीन के साथ डोका ला में तनातनी के बीच मोदी ने कहा कि भारत किसी भी तरह की सुरक्षा चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम है। समुद्र हो या सीमा हो, साइबर हो या अंतरिक्ष हो, हर प्रकार की सुरक्षा करने में भारत समर्थ है। सर्जिकल हमले पर उन्होंने कहा कि विश्व ने भारतीय सुरक्षाबलों की क्षमता को समझ लिया है।

शौर्य पुरस्कार पाने वालों पर वेबसाइट

मोदी ने मंगलवार को आजादी के बाद से शौर्य पुरस्कार पाने वालों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए वेबसाइट लांच की। उन्होंने ट्वीट किया, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू गेलेंटरीअवार्ड्स डाट जीओवी डाट इन पोर्टल पर सशस्त्र कर्मियों की कहानियां संरक्षित रहेगी।